- मनुष्य जलीय चक्र के **वायुमण्डलीय संघटक** में कई प्रकार से परिवर्तन करने के लिए समर्थ है। मनुष्य द्वारा इच्छित एवं अनिच्छित कार्यों के माध्यम से वायुमण्डल में कई तरह के परिवर्तन सम्भव हैं। यथा : मौसम सुधार कार्यक्रम, वायुमण्डल में ओजोन के स्तर में कमी, वायुमण्डल में जलवाष्प की मात्रा में परिवर्तन आदि द्वारा वायुमण्डलीय संचार प्रतिरूप (atmospheric circulation pattern) में परिवर्तन हो सकता है और इस वायुमण्डलीय संचार प्रतिरूप में परिवर्तन के कारण स्थलीय एवं महासागरों के ऊपर जलवाष्प के गमन तथा स्थानान्तरण में परिवर्तन हो सकता है। इस तरह वायुमण्डल में जलवाष्प में परिवर्तन होने से वर्षण प्रभावित हो सकता है।
- जलीय चक्र के **वर्षण संघटक** (precipitation component) में वायुमण्डल में धूलिकणों की मात्रा में परिवर्तन द्वारा अन्तर हो सकता है। मनुष्य द्वारा निर्मित कारखानों से अधिकाधिक मात्रा में ठोस कणों (particulate matter) का वायुमण्डल में विमोचन होता है। ये ठोस कण वर्षा की बूँदों के निर्माण के लिए **आर्द्रताग्राही नाभिक** (hygroscopic muclei) का कार्य करते हैं। इस तरह वायुमण्डल में **ठोस कण प्रदूषण** (particulate pollution) द्वारा बादलों का निर्माण तथा वर्षा का रूप एवं मात्रा प्रभावित होती है। **मेघ बीजन** (cloud seeding) द्वारा वर्षा की मात्रा बढ़ायी जा सकती है। वन विनाश द्वारा वर्षा की मात्रा घटती है।
- मनुष्य ने अपने क्रियाकलापों द्वारा जलीय चक्र के **वाष्पीकरण संघटक** को बड़े पैमाने पर प्रभावित किया है। वन विनाश, नगरीकरण आदि क्रियाओं द्वारा वाष्पीकरण में ह्रास होता है तथा बांध एवं जलभण्डारों के निर्माण, वृक्षारोपण, फसलों की सिंचाई आदि द्वारा वाष्पीकरण में वृद्धि होती है।
- मनुष्य जलीय चक्र के **धरातलीय वाही जल संघटक** (surface runoff component) को कई तरह से प्रभावित करता है। वन विनाश तथा नगरीकरण द्वारा वाही जल में वृद्धि होती है।
- जलीय चक्र के **अन्त: संचरण संघटक** (infiltraton component) में वन विनाश (अन्त: संचरण में ह्रास), वृक्षारोपण (अन्त: संचरण में वृद्धि), सिंचाई (अन्त: संचरण में वृद्धि) आदि द्वारा परिवर्तन होता है।

5.10 कार्बन चक्र

जीवमण्डल में कार्बन का विभिन्न मार्गों से गमन तथा संचरण होता है। इस संचरण के दौरान कार्बन के भण्डार तथा गमन की तीन प्रावस्थायें होती हैं : (i) **गैसीय प्रावस्था :** इस प्रावस्था के अन्तर्गत कार्बन (C) वायुमण्डल में गैस रूप (CO_2) में होता है। (ii) **तरल प्रावस्था** के अन्तर्गत कार्बन जल में घुली अवस्था में होती है। (iii) **ठोस प्रावस्था** के अन्तर्गत कार्बन ठोस रूप में होता है जो अवसादों, जीवाश्म ईंधनों (fossil fuels) तथा जैविक पदार्थों में भण्डारित होता है। जीवमण्डल में कार्बन के ठोस, तरल तथा गैसीय (CO_2) रूपों में संचरण का अत्यधिक महत्व होता है क्योंकि जैविक पदार्थों के सकल शुष्क भार का 50 प्रतिशत भाग कार्बन का होता है।

जीवमण्डल में कार्बन का गमन ऊर्जा प्रवाह के साथ सम्बन्धित होता है।

जीवमण्डल में कार्बन का संचरण दो मार्गों या चक्रों से सम्पन्न होता है : (1) **गैसीय चक्र**, तथा (2) **अगैसीय या अकार्बनिक चक्र**। गैसीय चक्र में कार्बन का गैसीय रूप यानी कार्बन डाइआक्साइड (CO_2) के रूप में संचरण एवं गमन होता है। कार्बन डाइ आक्साइड वायुमण्डल में स्वतन्त्र गैस के रूप में तथा स्थलीय एवं सागरीय जल में घुले रूप में होती है। **अगैसीय या अकार्बनिक चक्र** में कार्बन ठोस प्रावस्था में होता है। कार्बन की स्थिति जैविक तत्वों में कार्बोहाइड्रेट अणु (CH_2O) के रूप में, पृथ्वी की क्रस्ट की शैलों में हाइड्रोजन के रूप में तथा खनिज कार्बोनेट यथा कैल्सियम कार्बोनेट के रूप में होती है।

वायुमण्डलीय कार्बन डाइ आक्साइड का जैविक चक्रों (biological cycles) में प्रवेश **प्रकाशसंश्लेषण** (photosynthesis) की प्रक्रिया द्वारा होता है। अर्थात् स्वपोषित प्राथमिक उत्पादक हरे पौधे सूर्य प्रकाश की सहायता से कार्बन डाइ आक्साइड, हाइड्रोजन तथा आक्सीजन को संयुक्त करके जैविक यौगिकों (organic compounds) का निर्माण करते हैं। इस तरह निर्मित जैविक यौगिकों को आहार ऊर्जा या रासायनिक ऊर्जा कहते हैं तथा इस आहार ऊर्जा के निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया को **प्रकाशसंश्लेषण** कहते हैं। जीवमण्डलीय पारस्थितिकीय तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह तथा तत्वों का संचरण पारिस्थितिक तंत्र के विभिन्न संघटकों द्वारा नियंत्रित होता है। जिस संघटक से ऊर्जा तथा तत्व निकलकर दूसरे संघटक में जाते हैं उस संघटक को **दाता संघटक** (donor component) तथा जिस संघटक में ऊर्जा तथा तत्वों का प्रवेश होता है उस संघटक को **पाता संघटक** (recipient component) कहते हैं। कार्बन चक्र के सन्दर्भ में वायुमण्डल **दाता संघटक** होता है तथा जैविक संघटक पाता संघटक होता है। जीवमण्डल में कार्बन चक्र के अन्तर्गत **वायुमण्डलीय कार्बन भण्डार** (दाता संघटक) से कार्बन के जीवित जीवों या **जैविक कार्बन भण्डार** (पाता संघटक) में स्थानान्तरण की प्रक्रिया **दाता-नियंत्रित** (donor controlled) तथा **पाता-नियंत्रित** (recipient controlled) दोनों होती है। उदाहरण के लिए हरे पौधों (पाता) द्वारा वायुमण्डलीय कार्बन भण्डार (दाता) से कार्बन ग्रहण की दर वनस्पतियों के घनत्व तथा पौधों के कार्य-कलाप से निर्धारित होती है (यह पाता-नियंत्रित स्थानान्तरण का उदाहरण है), साथ ही साथ वायुमण्डल में कार्बन डाइ आक्साइड के सान्द्रण (दाता संघटक), अन्य पर्यावरणीय कारक (प्रकाश, जल पोषक तत्व आदि) एवं प्रक्रियायें भी कार्बन के पौधों में स्थानान्तरण की दर को प्रभावित करती हैं (यह दाता-नियंत्रित स्थानान्तरण का उदाहरण है)।

इस तरह पौधों द्वारा प्राप्त तथा आत्मसात की गयी (assimilated) कार्बन डाइ आक्साइड का पौधों में भण्डारन होता है। कार्बन के इस भंडार को **जैविक कार्बन भण्डार** कहते हैं। वन मुख्य रूप से उष्ण कटिबन्धी सदाबहार वर्षा वन, शीतोष्ण कटिबन्धी सदाबहार एवं पर्णपाती वन तथा टैगा वन जीवमण्डलीय पारिस्थितिक तंत्र में जैविक कार्बन के महत्वपूर्ण भण्डार होते हैं। जीवित जीवों (पौधों तथा जन्तुओं) में श्वसन (respiration) के समय कार्बोहाइड्रेट के विघटन (break-down) होने से कार्बन का वायुमण्डल में विमोचन (release) होता है। वास्तव में श्वसन द्वारा जीवित जीव जैविक यौगिकों को गैसीय कार्बन (CO_2) में परिवर्तित करते हैं तथा इस तरह निर्मुक्त गैसीय कार्बन वायुमण्डल में पुनः वापस चली जाती है तथा **वायुमण्डलीय कार्बन भण्डार** से मिल जाती है। पी० ए० फर्ली एवं डब्लू० डब्लू० निवे (1983) ने व्यक्त किया है कि जिस रफ्तार से कार्बन जीवमण्डल से निर्मुक्त होकर वायुमण्डल में जाती है लगभग उसी रफ्तार से वह जीवमण्डल में वापस भी आ जाती है परन्तु विगत कुछ दशकों से वायुमण्डल में कार्बन का सान्द्रण (concentration) तेजी से बढ़ रहा है। अर्थात् जब जीवित जीव क्रियाशील होते हैं तो उनके अन्तर्गत कार्बोहाइड्रेट का विघटन होता है तथा श्वसन के द्वारा पौधों में संचित कार्बन मुक्त होकर वायुमण्डल में चला जाता है परन्तु पौधे उसे प्रकाश संश्लेषण के दौरान पुनः ग्रहण कर लेते हैं। विगत दशकों में वन विनाश इतनी तेजी से हुआ है कि वायुमण्डलीय कार्बन का पौधों द्वारा सेवन कम हो गया है, अतः वायुमण्डल में कार्बन का सान्द्रण बढ़ रहा है। वायुमण्डलीय कार्बन की वृद्धि में औद्योगिक कारखानों से निकली CO_2 भी सहायक हो रही है।

पोषण स्तर एक के स्वपोषित हरे पौधों द्वारा उत्पादित कार्बोहाइड्रेट (रासायनिक ऊर्जा) के कुछ हिस्से का आहार शृंखला के विभिन्न पोषण स्तरों के जीवों द्वारा सेवन किया जाता है। ये परपोषित जन्तु (heterotrophic animals, शाकभक्षी, मांशभक्षी तथा सर्वभक्षी जन्तु) श्वसन के समय कार्बोहाइड्रेट के विघटन होने पर कार्बन छोड़ते हैं (चित्र 9.7)। इस तरह विमोचित या निर्मुक्त कार्बन वायुमण्डल में पुनः वापस चली



चित्र 5.9 : कार्बन चक्र का आरेखीय प्रदर्शन।

जाती है। मृदावासी वियोजक सूक्ष्म जीव (decomposers) गिरी हुई पत्तियों के ढेरों (पर्णढेर leaf lifters) तथा पौधों एवं जन्तुओं के मृत भागों के वियोजन (decomposition) के समय आक्सीकरण के कारण कार्बन पुनः कार्बन डाइ आक्साइड में बदल जाती है तथा वायुमण्डल में पुनः वापस चली जाती है। वनस्पतियों तथा जन्तुओं के जलने पर कुछ कार्बन का कार्बन डाइ आक्साइड (CO_2) के रूप में विमोचन हो जाता है तथा इस तरह निर्मुक्त (released) CO_2 वायुमण्डलीय भण्डार में पुनः वापस चली जाती है। मृत जैविक पदार्थों के वियोजन के समय वियोजक जीव भी श्वसन के समय कार्बन का गैसीय रूप (CO_2) में विमोचन करते हैं।

कुछ कार्बन सतह के नीचे अवसादों में चला जाता है तथा वहाँ पर **अवसादी कार्बन भण्डार** में संचित होता रहता है। मृत जैविक पदार्थों का कुछ भाग मिट्टियों में या गहरे सागरस्थित अवसादों में दीर्घकाल तक भण्डारित रहता है। स्थलीय जैविक पदार्थों का घोल रूप में या ठोस कणों के रूप में भौमिकीय प्रक्रमों (यथा, नदी) द्वारा सागरों तक परिवहन होता है। सागरों में अवसादों के साथ लाये गये इन जैविक या कार्बनिक पदार्थों का चट्टानों के रूप में परिवर्तन हो जाता है। इस प्रकार कार्बन **अवसादी प्रावस्था** (sedimentary phase) में संचित हो जाता है। इसे **अवसादी या भौमिकीय कार्बन भण्डार** कहते हैं। अवसादी कार्बन भण्डार में कार्बन की स्थिति अकार्बनिक कार्बोनेट के रूप में तथा कुछ हद तक कोयला, पीट तथा खनिज तेल के रूप में होती है। कार्बन का **अवसादी प्रावस्था में निवास समय** (residence time) काफी दीर्घकालिक होता है क्योंकि कार्बन **अवसादी भण्डार** में दीर्घकाल तक संचित रहता है।

अवसादी प्रावस्था से कार्बन की निर्मुक्ति (विमोचन) निम्न रूपों में होती है : (i) जब शैलों का अपक्षय एवं अपरदन होता है तो उनमें स्थित जैविक पदार्थों में संचित कार्बन मुक्त हो जाता है। (ii) जब शैलों में स्थित जीवाश्म खनिजों (कोयला, पीट, खनिज तेल, प्राकृतिक गैस आदि) को विभिन्न उपयोग के लिए जलाया जाता है तो कार्बन निर्मुक्त हो जाता है। इन जीवाश्म खनिजों को कारखानों, स्वचालित यानों (मोटर-गाड़ी, कार आदि), घरों आदि में विभिन्न उपयोगों तथा प्रयोजनों के लिए जलाया जाता है। ज्वालामुखी उद्भेदन के समय भी शैलों में भण्डारित कार्बन का विमोचन होता है। इस प्रकार **अवसादी भण्डार** से अपक्षय तथा अपरदन, जीवाश्म खनिजों के जलाने तथा ज्वालामुखी उद्भेदन से निर्मुक्त कार्बन वायुमण्डलीय कार्बन भण्डार में गैसीय रूप में वापस चला जाता है परन्तु कार्बन का अवसादी चक्र अपेक्षाकृत दीर्घ भौमिकीय कालावधि में सम्पन्न होता है।

सागरीय पारिस्थितिक तंत्र में कार्बन का संचरण तथा गमन स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र में कार्बन चक्र की तुलना में अधिक सरल होता है। सागरीय स्वपोषित जीव (फाइटोप्लैंकटन) **वायुमण्डलीय कार्बन भण्डार** से कार्बन ग्रहण करते हैं तथा प्रकाशसंश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान कार्बन, हाइड्रोजन तथा आक्सीजन को सम्मिलित करके उन्हें कार्बोहाइड्रेट (रासायनिक ऊर्जा) में परिवर्तित करते हैं। इस तरह कार्बन का फाइटोप्लैंकटन (पादप प्लैंकटन) के अवयवों में भण्डारन हो जाता है। फाइटोप्लैंकटन में भण्डारित कार्बन का कुछ भाग इन पौधों के मर जाने पर **अवसादी भण्डार** में चला जाता है, कुछ भाग का खनिज तेल तथा प्राकृतिक गैस में रूपान्तर हो जाता है तथा कुछ भाग का उन सागरीय जन्तुओं में स्थानान्तरण हो जाता है जो फाइटोप्लैंकटन पौधों का भक्षण करते हैं तथा इन फाइटोप्लैंकटनसेवी शाकाहारी सागरीय जन्तुओं से कुछ कार्बन का उन्हें खाने वाले मांशाहारी जन्तुप्लैंकटन में स्थानान्तरण हो जाता है। श्वसन के समय सागरीय जीवों (पौधों तथा जन्तुओं) में कार्बोहाइड्रेट का विघटन होता है तथा कार्बन गैसीय रूप में निर्मुक्त होकर **वायुमण्डलीय कार्बन भण्डार** में पुनः वापस चला जाता है। सागरीय जीवों में बचे कार्बन की शेष मात्रा कार्बोनेट अवसादों तथा हाइड्रोकार्बन के रूप में **अवसादी कार्बन भण्डार** में सम्मिलित हो जाती है। इस अवसादी भण्डार में संचित कार्बन की निर्मुक्ति दीर्घ काल के बाद शैलों के अपक्षय तथा अपरदन (ज्ञातव्य है कि सागरीय अवसादी भण्डार वाली शैलों का तभी अपक्षय तथा अपरदन हो सकता है जबकि भूगर्भिक घटनाओं के परिणामस्वरूप ये चट्टानें सागर तल से ऊपर आ जायँ), उनमें स्थित जीवाश्म खनिजों (कोयला, पीट, खनिज तेल, प्राकृतिक गैस आदि) के जलाने तथा ज्वालामुखी उद्भेदन होने पर हो जाती है (चित्र 5.9)।

5.11 आक्सीजन चक्र

जीवमण्डलीय पारिस्थितिक तंत्र में आक्सीजन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा यह जीवित जीवों के लिए एक महत्वपूर्ण तत्व है क्योंकि यह समस्त जीवों के जीवन को सम्भव बनाती है तथा उससे उत्पन्न भी होती है। आक्सीजन जीवमण्डल में अन्य तत्वों के संचरण तथा गमन में सहायक भी होती है। रासायनिक दृष्टि से आक्सीजन अत्यधिक सक्रिय होती है क्योंकि यह जीवमण्डल में स्थित अधिकांश तत्वों के साथ संयुक्त हो जाती है। जीवित जीवों के समस्त अणुओं के 70 प्रतिशत भाग का निर्माण आक्सीजन द्वारा ही होता है तथा यह कार्बोहाइड्रेट के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पौधों तथा जन्तुओं की श्वसन प्रक्रिया के लिए आक्सीजन की आवश्यकता होती है। अर्थात् पौधे तथा मानव सहित जन्तु आक्सीजन का सांस लेने के लिए उपयोग करते हैं। पौधों द्वारा प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान आक्सीजन की आवश्यकता होती है। आक्सीजन प्रोटीन तथा चर्बी के निर्माण में भी सहायता करती है। जीवमण्डल में आक्सीजन चक्र अत्यन्त जटिल हाता है क्योंकि आक्सीजन के रासायनिक रूप कई तरह के होते हैं यथा : आणविक आक्सीजन (molecular oxygen, O_2), जल (H_2O), कार्बन डाइ आक्साइड (CO_2), विभिन्न अकार्बनिक यौगिक यथा-आसाइड्स (oxides-Fe_2O_3), कार्बोनेट्स (calcium carbonate $CaCO_3$, magnesium carbonate-$MgCO_3$ आदि)। अर्थात् आक्सीजन कई रासयनिक रूपों में विद्यमान होती है।

यह विश्वास किया जाता है कि वायुमण्डल के विकास के प्रारम्भिक चरण में मुक्त आक्सीजन या आणविक आक्सीजन नहीं थी। आक्सीजन का उद्भव सम्भवतः प्रकाश संश्लेषणी हरे पौधों के उद्भव के पश्चात् ही हुआ होगा। सम्भवतः प्रथम आणविक आक्सीजन का उद्भव पौधों की कोशिकाओं (plant cells) द्वारा जलीय अणुओं (water molecules) के विखण्डन या विभाजन (splitting) के कारण हुआ होगा। ज्ञातव्य है कि

जलीय अणुओं का पौधों की कोशिकाओं द्वारा विखण्डन या अलगाव होता है तथा ये अलग किये जल के अणु लगभग 2 मिलियन वर्षों में आपस में पुनः सम्बद्ध हो जाते हैं। इस तरह पौधों द्वारा उत्पन्न आक्सीजन का वायुमण्डल में विभिन्न मार्गों से संचरण होता है तथा आक्सीजन का लगभग 2000 वर्षों बाद पुनः चक्रण (recycling) होता है। स्पष्ट है कि आक्सीजन का वायुमण्डल में **निवास समय** (residence time 2000 वर्ष) कार्बन के **निवास समय** (लगभग 300 वर्ष) से अधिक लम्बा होता है। अर्थात् आक्सीजन का एक बार संचरण हो जाने के बाद उसका दुबारा संचरण तथा चक्रण लगभग 2000 वर्षों बाद सम्पन्न होता है जबकि पौधों तथा जन्तुओं द्वारा निर्मुक्त कार्बन मात्र 300 वर्षों बाद ही पौधों तथा जन्तुओं को उपयोग के लिए पुनः प्राप्त हो जाती है। अपने निर्माण काल से लेकर वर्तमान समय तक आक्सीजन का वायुमण्डल में लगातार सान्द्रण होता रहा है। परिणामस्वरूप वर्तमान समय में आक्सीजन वायुमण्डल के समस्त गैसीय संघटन के 21 प्रतिशत भाग का प्रतिनिधित्व करती है। ज्ञातव्य है कि आक्सीजन आणविक आक्सीजन (O_2) के रूप में अल्प काल तक ही रहती है क्योंकि यह CO_2 (कार्बन डाइ आक्साडड) या H_2O (जल) या अन्य आक्साइडों से शीघ्र संयुक्त हो जाती है।



चित्र 5.10 : सामान्य आक्सीजन चक्र का आरेखीय प्रदर्शन।

आक्सीजन का निर्माण स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वपोषित हरे पौधे तथा सागरीय परिस्थितिक तंत्र के पादप प्लैंकटन (फाइटोप्लैंटन) द्वारा **प्रकाशसंश्लेषण** की प्रक्रिया द्वारा होता है। कुछ आक्सीजन का निर्माण विभिन्न खनिज आक्साइडों के न्यूनीकरण (reduction) द्वारा भी होता है। इस तरह उत्पन्न आक्सीजन का वायुमण्डल में भण्डारन होता है। इसे **वायमण्डलीय आक्सीजन भण्डार** कहते हैं। ज्वालामुखी उद्भेदन के समय गैसनिष्कासन (outgassing) खासकर गैसों के CO_2 तथा H_2O (जल) के रूप में निष्कासन द्वारा भी कुछ आक्सीजन वायुमण्डल में पहुँच कर वायुमण्डलीय आक्सीजन भण्डार में

प्रतिवर्ष सम्मिलित होती रहती है। इस वायुमण्डलीय आक्सीजन भण्डार से आक्सीजन को प्राप्त करके सागरीय तथा स्थलीय जन्तु उसका उपभोग करते हैं। लकड़ियों तथा जीवाश्म ईंधनों के जलने में भी आक्सीजन का उपभोग होता है। आक्सीजन का कुछ भाग जल में समाहित हो जाता है तथा नदियों से होकर यह आक्सीजन सागरों तक पहुँचती है एवं वहाँ पर सागरीय अवसादों में समाहित हो जाती है। आक्सीजन के इस भण्डार को **अवसादी आक्सीजन भण्डार** कहा जाता है। इस अवसादी भण्डार में आक्सीजन का **निवास समय** (residence time) अत्यधिक लम्बा होता है अर्थात् आक्सीजन अवसादों में दीर्घकाल तक बनी रहती है।

स्पष्ट है कि **आक्सीजन चक्र** के अन्तर्गत स्थलीय तथा सागरीय जीवों द्वारा प्रकाशसंश्लेषण के समय जनित आक्सीजन तथा ज्वालामुखी उद्भेदन के समय CO_2 एवं H_2O के रूप में निकली आक्सीजन का **वायुमण्डलीय आक्सीजन भण्डार** में प्रवेश होता है तथा सागरीय एवं स्थलीय जन्तुओं द्वारा श्वसन, खनिजों के आक्सीकरण तथा लकड़ियों और जीवाश्म खनिजों के जलने में वायुमण्डलीय आक्सीजन भण्डार से आक्सीजन खर्च होती है (चित्र 5.10) और इस तरह आक्सीजन का चक्रण (cycling) चलता रहता है।

औद्योगिक क्रान्ति के प्रारम्भिक चरण (1750) से आक्सीजन के उपभोग में निरन्तर वृद्धि हुई है। यह अनुमान किया गया है कि औद्योगिक स्तर पर विकसित पश्चिमी दुनिया के देशों खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका तथा पश्चिमी यूरोपीय देशों में कारखानों में जीवाम ईंधनों के जलाने में प्रतिवर्ष जितनी आक्सीजन का उपभोग किया जाता है वह समस्त जीवमण्डल में हरे पौधों द्वारा प्रकाशसंश्लेषण के दौरान प्रतिवर्ष जनित आक्सीजन की कुल मात्रा से कहीं अधिक होती है। वन विनाश के कारंण वनाच्छादित भागों का क्षेत्रफल दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है, परिणामस्वरूप आक्सीजन का जनन भी घट रहा है जबकि आक्सीजन का उपभोग बढ़ रहा है। इस तरह आक्सीजन के जनन एवं आक्सीजन के उपभोग के बीच असन्तुलन का मानव समाज पर दूरगामी परिणाम हो सकता है। यदि वनाच्छादित भागों के क्षेत्रफल में विस्तार न किया गया तथा जीवाश्म ईंधनों के जलाने में कमी नहीं की गयी तो हो सकता है कि इक्कीसवीं शदी में वायुमण्डल में आक्सीजन की इतनी कमी हो जाय तथा कार्बन डाइ आक्साइड में इतनी वृद्धि हो जाय कि मनुय को अपनी पीठ पर आक्सीजन का सिलिण्डर बाँध कर चलना पड़े।

5.12 नाइट्रोजन चक्र

जीवमण्डल में नाइट्रोजन का सभी प्रकार के जीवों (पौधों, मानव सहित जन्तुओं तथा वियोजक सूक्ष्म जीवों) के लिए महत्व होता है क्योंकि यह एमिनो एसिड का एक आवश्यक भाग होती है तथा जीवों में प्रोटीन के निर्माण में एमिनो एसिड की आवश्यकता होती है। नाइट्रोजन वायुमण्डल में सामान्य रूप से 7 रूपों में पायी जाती है यथा : आणविक नाइट्रोजन (N_2), नाइट्रोजन के आक्साइड्स (यथा, नाइट्रस आक्साइड N_2O, नाइट्रिक आक्साइड NO, तथा नाइट्रोजन परआक्साइड NO_2) तथा हाइड्रोजन–नाइट्रोजन यौगिक (यथा, एमिनो, NH, अमोनिया, NH_3 तथा नाइट्रस एसिड, HNO_2)। पौधों तथा जन्तुओं के सम्बर्द्धन के लिए नाइट्रोजन की यौगिक (compounds) के रूप में आवश्यकता होती है। यद्यपि वायुमण्डल में नाइट्रोजन सर्वाधिक मात्रा (वायुमण्डल के समस्त गैसीय संघटन का 78 प्रतिशत) में पायी जाती है परन्तु जीवित जीव इनका प्रत्यक्ष उपभोग नहीं कर पाते हैं। पौधे अपनी जड़ों द्वारा नाइट्रोजन को मिट्टियों से अमोनियम लवण तथा नाइट्रेट के रूप में प्राप्त करते हैं। जब जन्तु पौधों का भक्षण करते हैं तो पौधों से जैविक पदार्थों के माध्यम से नाइट्रोजन का जन्तुओं में स्थानान्तरण हो जाता है।

नाइट्रोजन चक्र के अन्तर्गत वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का विभिन्न यौगिकों में परिवर्तन होता है (नाइट्रोजन यौगिक जीवों द्वारा उपभोग किये जाते हैं)। इस प्रक्रिया को **नाइट्रोजन का स्थिरीकरण** (nitrogen fixation) कहते हैं। मिट्टियों से पौधों की जड़ों द्वारा नाइट्रोजन यौगिकों का पौधों में स्थानान्तरण या गमन होता है, **अनाइट्रीकरण** (denitrification) द्वारा नाइट्रोजन की गैस रूप में निर्मुक्ति होती है और अन्ततः नाइट्रोजन का गैसीय रूप में **वायुमण्डलीय नाइट्रोजन भण्डार** में वापसी हो जाती है। नाइट्रोजन चक्र की सुव्यवस्थित परिभाषा निम्न रूप में प्रस्तुत की जा सकती है:

वायुमण्डलीय नाइट्रोजन गैस के पौधों तथा जन्तुओं के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के यौगिकों में परिवर्तन तथा इन नाइट्रोजन यौगिकों के विखण्डन एवं विघटन के बाद पुनः नाइट्रोजन गैस के रूप में वायुमण्डल में वापस आने की प्रक्रिया को नाइट्रोजन चक्र कहते हैं।

नाइट्रोजन चक्र निम्न चरणों (steps) में सम्पादित होता है :

(1) **वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का मिट्टियों में स्थानान्तरण या नाइट्रोजन का स्थिरीकरण**—नाइट्रोजन के स्थिरीकरण (nitrogen fixation) का तात्पर्य होता है वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का मिट्टियों में अमोनिया, नाइट्रेट आदि रूपों में स्थानान्तरण। **वायुमण्डलीय नाइट्रोजन भण्डार** में नाइट्रोजन गैसीय रूप (आणविक नाइट्रोजन N_2) में होती है। इसके अमोनिया, नाइट्रेट या एमिनो एसिड के रूप में रूपान्तरण या स्थिरीकरण के दो प्राकृतिक कारक होते हैं : (i) **तडित् विसर्जन** (lightning discharge), तथा (ii) **जीवीय क्रिया** (biological activity)। इनके अलावा मनुष्य द्वारा खेतों में रासायनिक खादों के प्रयोग के समय अप्राकृतिक या कृत्रिम ढंग से भी नाइट्रोजन का स्थिरीकरण होता है। वायुमण्डलीय आणविक नाइट्रोजन गैस का मिट्टियों में स्थानान्तरण या स्थिरीकरण निम्न प्रक्रियाओं द्वारा सम्पन्न होता है :

➢ वायुमण्डल में आणविक नाइट्रोजन तथा आणविक आक्सीजन के तड़ित विसर्जन (lightning discharge) के कारण संयुक्त हो जाने पर नाइट्रिक आक्साइड (NO) बनता है। अतिरिक्त आक्सीजन (O_2) मिलने पर नाइट्रिक आक्साइड का आक्सीकरण (oxidation) हो जाता है जिस कारण नाइट्रोजन परआक्साइइड (NO_2) का निर्माण होता है। यह नाइट्रोजन परआक्साइड जल के साथ मिलने पर नाइट्रिक एसिड (HNO_3) बन जाता है। वर्षा का जल इस नाइट्रिक अम्ल (एसिड) को घुलाकर मिट्टियों में पहुँचा देता है जहाँ पर (मिट्टियों में) इसका चूना पत्थर ($CaCO_3$) तथा क्षारों (alkalis) से रासायनिक अभिक्रिया होने पर नाइट्रेट में रूपान्तरण हो जाता है। इस नाइट्रेट का मिट्टियों में भण्डारन (संग्रह) होता रहता है। पौधे इस नाइट्रोजन को अपनी जड़ों द्वारा ग्रहण करते हैं। उपर्युक्त समस्त क्रियाओं को निम्न रूपों में व्यक्त किया जा सकता है :

तड़ित विसर्जन (बिजली का चमकना)

↓

$N_2 + O_2 \longrightarrow 2NO$ (nitrogen oxide)

$2NO + O_2 \longrightarrow 2NO_2$ (nitrogen peroxide)

$4NO_2 + 2H_2O + O \longrightarrow 4HNO_3$ (nitric acid)

$2HNO_3 + CaCO_3 \longrightarrow Ca(NO_3)_2 + CO_2 + H_2O$

(calcium nitrate)

अनुमान किया गया है कि इस प्रक्रिया द्वारा 24 घण्टों में 250,000 टन अम्ल का निर्माण हो जाता है।

➢ जीवों द्वारा भी नाइट्रोजन का स्थिरण (nitrogen fixation) होता है। **नाइट्रोजन स्थिरण** में बैक्टीरिया तथा नीली-हरी शैवाल भी सहायक होती हैं। नाइट्रोजन का स्थिरण करने वाले जीवों को दो प्रमुख वर्गों में विभक्त करते हैं—(अ) मुक्त रूप से रहने वाले जीव, यथा बैक्टीरिया तथा शैवाल, एवं (ब) साथ-साथ रहने वाले या परस्परजीवी जीव। मुक्त रूप से रहने वाले जीव मूल रूप से स्वपोषित जीव होते हैं, यथा नीली-हरी शैवाल तथा कई प्रकार की प्रकाशपोषित बैक्टीरिया। दलहनी पौधों (यथा—मटर, चना, अरहर, मूंग, उड़द, सोयाबीन, सेम आदि) की जड़ों में रहने वाली बैक्टीरिया भी नाइट्रोजन के स्थिरण में सहायता करती हैं। ज्ञातव्य है कि बैक्टीरिया तथा उपर्युक्त एवं और कई तरह के पौधे एक दूसरे पर निर्भर करते हैं। यदि पौधे बैक्टीरिया को पोषक तत्व तथा जैविक (कार्बनिक) यौगिक प्रदान करते हैं तो ये बैक्टीरिया भी इन पौधों की जड़ों को अमोनिया या अमिनो एसिड के रूप में नाइट्रोजन प्रदान करती हैं। मिट्टियों में रहने वाली सूक्ष्म आकार वाली बैक्टीरिया वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का मिट्टियों में इस तरह निरन्तर स्थानान्तरण करती रहती हैं कि पौधे इनका अपनी जड़ों द्वारा उपभोग कर सकें।

➢ मनुष्य कारखानों में रासायनिक नाइट्रोजन खादों (यथा, अमोनिया सल्फेट, कैलासियम साइनेमाइड, नाइट्रेट आदि) का निर्माण करता है। जब इन खादों का फसलों के लिए खेतों में उपयोग किया जाता है तो मिट्टियों में नाइट्रोजन का कृत्रिम रूप में स्थिरण हो जाता है।

(2) **नाइट्रोजन का खनिजीकरण, नाइट्रीकरण तथा मिट्टियों से नाइट्रोजन का पौधों एवं जन्तुओं में स्थानान्तरण**—मिट्टियों में नाइट्रोजन का खनिजीकरण (mineralization) तथा नाइट्रीकरण (nitrification) वे प्रकियायें होती हैं जिनके द्वारा नाइट्रोजन का ऐसे रूपों में स्थानान्तरण हो जाता है कि पौधे उन्हें अपनी जड़ों द्वारा आसानी से ग्रहण कर लेते हैं। जब कार्बनिक या जैविक नाइट्रोजन यौगिकों का अकार्बनिक या खनिज रूप में परिवर्तन हो जाता है (यथा, अमोनिया) तो परिवर्तन की इस प्रक्रिया को **नाइट्रोजन का खनिजीकरण या अमोनीकरण** (ammonification) कहते हैं। अमोनिया लवण के नाइट्राइट एवं नाइट्रेट में रूपान्तरण की प्रक्रिया को **नाइट्रीकरण** (nitrification) कहते हैं। अब पौधे अपनी जड़ों द्वारा मिट्टियों से नाइट्रोजन को नाइट्रेट के



चित्र 5.11 : नाइट्रोजन चक्र का प्रदर्शन।

रूप में ग्रहण करते हैं। पौधों में गये इन नाइट्रेट का विभिन्न जटिल जैविक/कार्बनिक यौगिकों (यथा, प्रोटीन) में रूपान्तरण हो जाता है। जब पोषण स्तर दो के शाकभक्षी जन्तु पौधों का भक्षण करते हैं तो पौधों के जैविक यौगिक या प्रोटीन जन्तुओं में स्थानान्तरित हो जाते हैं और वह जन्तु प्रोटीन में बदल जाता है। पोषण स्तर दो से नाइट्रोजन (जन्तु प्रोटीन के रूप में) का पोषण स्तर तीन में तथा पोषण स्तर तीन से पोषण स्तर चार के जन्तुओं में क्रमशः स्थानान्तरण होता जाता है। जन्तुओं में जब प्रोटीन का विघटन होता है तो वह एमिनो एसिड, यूरिया आदि में रूपान्तरित हो जाता है।

(3) **अनाइट्रीकरण तथा नाइट्रोजन की वायुमण्डल में वापसी**—मिट्टियों में स्थित **अमोनित करने वाली बैक्टीरिया** (ammonifying bacteria) जन्तुओं द्वारा त्यक्त पदार्थों (गोबर, मलमूत्र आदि) में स्थित एमिनोएसिड तथा यूरिया को अमोनिया एवं अमोनिया लवण में बदल देती हैं। इसी तरह ये बैक्टीरिया मृत पौधों (या उनके अंगों) तथा मृत जन्तुओं को सड़ा-गलाकर (वियोजित करके) उनमें स्थित एमिनो एसिड तथा यूरिया को अमोनिया एवं अमोनियम लवण में रूपान्तरित कर देती हैं। इन अमोनिया तथा अमोनिया लवण को मिट्टियों में रहने वाली नाइट्रोसीकारी (nitrosifying) या नाइट्रीकारी (nitrifying) बैक्टीरिया पुनः नाइट्रेटों में बदल देती हैं तथा इन नाइट्रेटों का मिट्टियों में भण्डारन होता रहता है। इस प्रक्रिया को नाइट्रीकरण कहते हैं। इस तरह नाइट्रोजन का मिट्टियों में से पौधों तथा जन्तुओं में तथा पौधों एवं जन्तुओं में से मिट्टियों में स्थानान्तरण तथा गमन होता रहता है।

नाइट्रीकरण की विपरीत प्रक्रिया को **अनाइट्रीकरण** (denitrification) कहते हैं। अनाइट्रीकरण का अर्थ होता है नाइट्रेट (nitrates) का गैसीय नाइट्रोजन (आणविक नाइट्रोजन

गैस N_2) में रूपान्तरण। मिट्टिया म कुछ बक्टारिया तथा कवक (fungi) ऐसे होते हैं जो बिना आक्सीजन के जीवित रहते हैं। ये बैक्टीरिया तथा कवक नाइट्रेट्स को नाइट्रोजन गैस में बदल देते हैं। इस प्रक्रिया को **अनाइट्रीकरण** कहते हैं। इस तरह निर्मुक्त नाइट्रोजन गैसीय रूप में **वायुमण्डलीय नाइट्रोजन भण्डार** में मिल जाती है (चित्र 5.11)। इस प्रकार नाइट्रोजन चक्र पूर्ण हो जाता है (चित्र 5.11)। मिट्टियों से कुछ नाइट्रेट जल के साथ रिसकर भूमिगत जल में चली जाती है, कुछ नाइट्रेट मिट्टियों के अपरदन के काण **धरातलीय वाही जल** (surface runoff) के साथ बहकर नदियों में होती हुई सागरों में चली जाती है। जब मृत जीवों (पौधों तथा जन्तुओं) का बैक्टीरिया द्वारा वियोजन (decomposition) होता है तो कुछ अमोनिया निर्मुक्त होकर वायुमण्डल में चली जाती है। यह अमोनिया जल में घुलनशील होती है, अत: जलवर्षा के समय पुन: धरातल पर अमोनियम सल्फेट तथा अमोनियम नाइट्रेट के रूप में वापस आ जाती है।

ज्ञातव्य है कि सूक्ष्म जीव नाइट्रोजन चक्र के नियंत्रक एवं नियामक (controlling तथा regulating) कारक हैं क्योंकि बैक्टीरिया एक तरफ तो नाइट्रोजन का स्थिरण (nitrogen fixation) करती हैं एवं नाइट्रीकरण की प्रक्रिया का सम्पादन करती हैं तो दूसरी तरफ कुछ खास तरह की बैक्टीरिया नाइट्रेट्स को नाइट्रोजन गैस में बदलती हैं, अर्थात् अनाइट्रीकरण की प्रक्रिया का सम्पादन करती हैं। "अत: स्पष्ट है कि वायुमण्डल से नाइट्रोजन का निष्कासन एवं वायुमण्डल में नाइट्रोजन का पहुँचना मुख्य रूप से बैक्टीरिया द्वारा नियंत्रित होता है" (D.B. Botkin तथा E.A. Keller, 1982)।

सामान्तया **वायुमण्डलीय नाइट्रोजन भण्डार** से नाइट्रोजन के निष्कासन तथा स्थलीय एवं सागरीय जीवों द्वारा नाइट्रोजन के स्थिरण (nitrogen fixation) की मात्राओं तथा स्थलीय एवं सागरीय पारिस्थितिक तंत्रों में अनाइट्रीकरण जीवों (बैक्टीरिया) द्वारा निर्मुक्त नाइट्रोजन की मात्रा में सन्तुलन होना चाहिए परन्तु वास्तविकता यह है कि पौधों को सुलभ होने वाली नाइट्रोजन की मात्रा मिट्टियों में रहने वाले अनाइट्रीकरण जीवों (denitrifying organisms) द्वारा निर्मुक्त होकर वायुमण्डलीय भण्डार में वापस जाने वाली नाइट्रोजन की मात्रा से अधिक होती है। अर्थात् वायुमण्डलीय भण्डार से जितनी नाइट्रोजन का मिट्टियों में स्थिरण होता है उससे कहीं अधिक नाइट्रोजन मिट्टियों में विद्यमान होती है। इसका प्रमुख कारण यह है कि मनुष्य द्वारा प्रयोग की जाने वाली रासायनिक खादों के फलस्वरूप मिट्टियों में नाइट्रोजन का स्तर अधिक हो जाता है।

5.13 फासफोरस चक्र

जल के बाद जीवमण्डल में फासफोरस दूसरा सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। इस तत्व की पौधों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता होती है। वास्तव में जीवमण्डलीय पारिस्थितिक तंत्र में फारफोरस जीवों द्वारा जैविक पदार्थों के उत्पादन को निर्धारित एवं नियंत्रित करता है। जीवमण्डल में फासफोरस की सुलभ मात्रा पर्याप्त नहीं है क्योंकि फासफोरस फासफेट शैलों में पाया जाता है तथा विश्व में फासफेट शैलों का वितरण कुछ सीमित क्षेत्रों में ही पाया जाता है। फासफोरस एक ऐसा रासायनिक तत्व (खनिज) है जिसकी गैसीय प्रावस्था में स्थिति कम समय के लिए होती है। यह अवसादी प्रावस्था में अधिक समय तक रहता है। वायुमण्डल में फासफोरस बहुत कम मात्रा में होता है तथा यह वायुमण्डल में अस्थायी रूप में ही विद्यमान रहता है। वायुमण्डल में फासफोरस की स्थिति धूलिकणों तथा नमक के कणों के रूप में होती है। फासफोरस के कण सागरीय भागों में नमक की बौछारों (salt sprays) से तथा स्थलीय भागों पर स्थित फासफेट भण्डारों तथा फासफेट की खदानों से हवा द्वारा उड़ाकर वायुमण्डल में पहुँचते हैं।

फासफोरस चक्र की सबसे दिलचस्प तथा महत्वपूर्ण विशेषता यह होती है कि यह चक्र क्रमश: तथा अति मन्द गति से सम्पादित होता है तथा फासफोरस का जीवमण्डल में संचरण तथा गमन एक मार्गीय (one way) रूप में ही सम्पन्न होता है। अर्थात् स्थलीय भागों से फासफोरस का **धरातलीय वाही जल** (surface runoff) तथा नदियों से होकर सागरों में परिवहन हो जाता है जहाँ पर वह भण्डारित होता रहता है तथा सागरों से फासफोरस बहुत ही न्यून मात्रा में स्थलों पर वापस पहुँचता है। अधिकांश फासफोरस अवसादी शैलों में फासफेट शैलों के रूप में भण्डारित (संचित) रहता है। जब इन फासफेट शैलों का अपक्षय होता है तो फासफोरस का मृद्दाभण्डार में स्थानान्तरण हो जाता है। ज्ञातव्य है कि मिट्टियों में फासफोरस खनिज रूप में पाया जाता है तथा सामान्यतया यह कैलसियम, पोटैसियम के साथ मिला रहता है। मिट्टियों तथा शैलों

में स्थित समस्त फासफोरस चक्र में हिस्सा नहीं लेता है। वास्तव में समस्त फासफोरस का मात्र 10 प्रतिशत ही चक्रीय मार्गों में सम्मिलित होता है क्योंकि फासफोरस जल में अपेक्षाकृत अघुलनशील होता है।



चित्र 5.12 : फासफोरस चक्र का प्रदर्शन (based on E. P. Odum, 1971)।

पौधे अपनी जड़ों द्वारा मिट्टियों से फासफोरस को अकार्बनिक फासफेट के रूप में ग्रहण करते हैं। पौधों में अकार्बनिक फासफोरस का कार्बनिक या जैविक रूप में परिवर्तन हो जाता है। फासफेट के इन कार्बनिक भागों का आहार शृंखला के विभिन्न पोषण स्तरों के विभिन्न जीवों में स्थानानतरण तथा गमन होता है। कार्बनिक फासफोरस का पौधों से शाकभक्षी जन्तुओं में, शाकभक्षी जन्तुओं से मांशभक्षी जन्तुओं में तथा पौधों, शाकभक्षी एवं मांशभक्षी जन्तुओं से सर्वभक्षी जन्तुओं में संचरण होता है। जब मृत पौधों तथा जन्तुओं का एवं विभिन्न जन्तुओं द्वारा परित्यक्त अपशिष्ट पदार्थों (गोबर, मलमूत्र आदि) का मृदावासी सूक्ष्म वियोजक जीवों द्वारा विघटन तथा वियोजन हो जाता है तथा फासफेट के जैविक/कार्बनिक रूप का खनिज रूप में परिवर्तन (खनिजीकरण) हो जाता है (कार्बनिक फासफेट का अकार्बनिक फासफेट में रूपान्तरण) तो फासफेट पुनः मिट्टियों में वापस पहुँच जाता है। फासफेट के कुछ भाग का धरातलीय वाही जल तथा नदियों द्वारा सागरों में स्थानान्तरण हो जाता है तथा कुछ भाग का कार्बनिक (जैविक) यौगिकों के रूप में (यथा, हड्डियाँ) रूपान्तरण हो जाता है। इन हड्डियों में फासफोरस दीर्घकाल तक भण्डारित रहता है। जब हड्डियों का विघटन तथा वियोजन होता है तो उनमें संचित कार्बनिक फासफेट का पुनः खनिज रूप (अकार्बनिक फासफेट) में परिवर्तन हो जाता है तथा यह खनिज फासफेट पुनः मिट्टियों में मिल जाता है, परन्तु हड्डियों के कार्बनिक फासफेट का खनिजीकरण (अकार्बनिक फासफेट में रूपान्तरण) दीर्घकाल के बाद ही सम्भव हो पाता है। ज्ञातव्य है कि पौधों द्वारा ग्रहण किए गये फासफेट में से सभी का कार्बनिक (जैविक) रूप में परिवर्तन नहीं हो पाता है, अपितु अधिकांश फासफेट पौधों में अब भी अकार्बनिक रूप में ही रहता है, अतः पौधों के मृत भागों

के वियोजन होने पर अकार्बनिक रूप में विद्यमान फासफेट का अपेक्षाकृत लघु समय में ही खनिजीकरण हो जाता है (चित्र 5.12)।

सागरों से फासफोरस की स्थलों पर वापसी नियमित क्रिया नहीं है, अपितु यह अत्यन्त मन्द गति से कभी-कभी ही घटित होती है। अर्थात् सागरों से फासफोरस का स्थलों पर नियमित रूप से स्थानान्तरण न होकर अनियमित रूप से यदा-कदा ही होता है, और वह भी अति मन्द गति से। सागरतटीय भागों से फासफोरस की स्थलीय भागों पर वापसी निम्न कारकों द्वारा होती है :

- सागरीय जल की बौछारों से। तटीय भाग पर लहरों के वेग के कारण सागरीय जल ऊपर उछलता है। इस जल के साथ फासफोरस भी ऊपर उठ कर स्थल पर पहुँच जाता है। इस क्रिया को लवण बौछार (salt spray) कहते हैं।
- मछलियों द्वारा। सागरीय मछलियों में फासफोरस कार्बनिक रूप में पर्याप्त मात्रा में रहता है। जब स्थलीय जन्तु, खासकर मनुष्य, इन सागरीय मछलियों को खाते हैं, तो मछलियों में संचित फासफोरस का स्वल्पांश ही स्थलीय जन्तुओं में स्थानान्तरित हो जाता है, तथा
- पक्षियों द्वारा। ज्ञातव्य है कि इन कारकों तथा क्रियाओं द्वारा सागरीय फासफोरस का स्वल्पांश ही स्थलीय भागों पर वापस पहुँच पताा है। स्थलीय भागों से सागरों में स्थानान्तरित फासफोरस का अधिकांश भाग सागरों की तली में स्थित अवसादों में पहुँचकर अवसादी भण्डार में संचित होता रहता है। इस सागरीय अवसादी भण्डार से फासफोरस का विमोचन तथा उसकी प्राप्ति तभी सम्भव हो सकती है जबकि विर्वतनिक घटनाओं के कारण सागरीय तली का उत्थान या उन्मज्जन हो जाय तथा सागरीय तली स्थलीय भागों की ऊँचाई के बराबर हो जाय या उससे ऊँची हो जाय।

यह अनुमान किया गया है कि लगभग 20,000,000,000 मिलियन मिट्रिक टन फासफोरस पृथ्वी की क्रस्ट की शैली में भण्डारित है परन्तु मात्र 10,000 से 60,000 मिलियन मिट्रिक टन फासफोरस का ही परम्परागत तकनीकों से खनन किया जा सकता है। सागरीय भागों में भण्डारित फासफोरस की अनुमानित मात्रा 100,000,000 मिलियन मिट्रिक टन बतायी गयी है। चूँकि स्थलीय भागों में फासफोरस का निरन्तर निष्कासन तथा सागरीय

भागों में स्थानान्तरण होता रहता है परन्तु सागरीय भागों से फासफोरस की स्थलीय भागों पर वापसी अत्यत मन्द गति से तथा अति न्यून मात्रा में ही होती है (लगभग नहीं के बराबर), अत: स्थलीय फासफोरस की मात्रा निरन्तर घटती जा रही है जबकि पौधों के लिए फासफोरस की माँग बढ़ती जा रही है। परिणामस्वरूप रासायनिक खादों के रूप में फासफोरस की अतिरिक्त मात्रा का फसलों के लिए प्रयोग करना पड़ रहा है।